मुस्कानारिष्ट

दो दोस्त बहुत दिनों बाद मिलते हैं।
पहला : यार तूने अभी तक शादी नहीं की ?
दूसरा : क्या करूँ जो भी लड़की पसंद करता हूँ, माँ रिजेक्ट कर देती है।
पहला : तू ऐसा कर अपनी माँ जैसी शक्ल और हाव–भाव वाली लड़की ढूँढ। माँ मना नहीं कर पायेंगी।
दूसरा : वह भी किया।
पहला : फिर क्या हुआ ?
दूसरा : माँ तो मान गई, पर पापा ने मना कर दिया। कहा घर में ऐसी एक ही काफी है।

मरीज : डॉक्टर साहब क्या आपको पूर्ण विश्वास है कि मुझे टायफाईड़ ही है।
डॉक्टर : बिलकुल। पर आप ऐसा क्यों पूछ रहे हैं?
मरीज : कुछ दिनों पहले हमारे एक रिश्तेदार का डॉक्टर टायफाईड का ईलाज करते रहे और उनकी मौत न्युमोनिया से हो गई।
डॉक्टर : आप पूरा विश्वास रखें जब मैं किसी मरीज का ईलाज टायफाईड के लिये करता हूँ तो उसकी मौत टायफाईड से ही होती है।

फोन पर एक आदमी : मेरी पत्नी बहुत बीमार है। क्या आप मुझे डॉक्टर से मिलने का तुरंत अपाइंटमेंट नहीं दे सकतीं?
रिसेप्शनिस्ट : डॉक्टर साहब बहुत बिज़ी हैं। आपको तीन दिन बाद का ही अपाइंटमेंट मिल सकता है। क्या मैं दे दूँ?
आदमी : यदि मेरी पत्नी तीन दिन में मर गई तो?
रिसेप्शनिस्ट : कोई बात नहीं। आप फोन करके अपाइंटमेंट कैंसिंल करवा लेना।

एक फिरंगी दुनिया के सबसे पुराने चर्चों पर किताब लिख रहा था। जानकारी जुटाने वह चीन पहुँचा। वहाँ के सबसे पुराने चर्च को ढूंढ निकाला। उसने वहाँ देखा कि एक सोने का टेलीफोन रखा है, और उस पर लिखा था – "ईश्वर से सीधे बात करें। प्रति काल दस हजार डॉलर"। फिरंगी फिर पाकिस्तान पहुँचा। वहाँ के सबसे पुराने चर्च में भी उसे वैसा ही फोन दिखा। संदेश भी वही –
"ईश्वर से बात दस हजार डॉलर में"
फिरंगी ने अनेक देशों में सोने के वैसे ही फोन देखे और हर जगह भगवान से सीधी बात के लिये दस हजार डॉलर।
अंत में वह भारत आ पहुँचा। काफी मेहनत के बाद उसे सबसे पुराना चर्च मिल ही गया और सोने का वही फोन वहाँ भी मौजूद था। परंतु संदेश अलग था।
"ईश्वर से सीधी बात–एक रूपये प्रति कॉल।"
उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने पादरी से पूछा–फादर मैंने ऐसे फोन अनेक देशों के चर्चों में देखें। वहाँ ईश्वर से बात करने के लिये दस हजार डॉलर लगते हैं। पर भारत में इतना सस्ता क्यों?
फादर ने कहा– "बेटा यह भारत है यहाँ हर जगह भगवान रहते हैं। इसीलिये लोकल कॉल से काम चल जाता है।"

मरीज : डॉक्टर साहब में 100 साल तक कैसे जी सकता हूँ?
डॉक्टर : यदि आप गरिष्ठ खाना बंद कर दें, शराब पीना बंद कर दें और औरतों के साथ सोना बंद कर दें तो आपकी इच्छा पूरी हो सकती है।
मरीज : क्या आपको विश्वास है ऐसा करने पर मैं 100 साल जियूंगा?
डॉक्टर : आप 100 साल भले न जियें पर 100 साल के दिखने जरूर लगेंगे।